तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 जनगणना के प्रथम चरण का कार्य जारी जायजा ...





14 अंतिम गांव, अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे : ठाकुर




## खबर संक्षेप

### महिला के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में महिला के साथ मारपीट करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध भंवरपुर चौकी में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सनमोती निषाद पति लव कुमार निषाद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 05 मई को लगभग 12.30 बजे अपने बच्चों को खोजने के लिए पड़ोसी के घर गयी थी। वापस आकर देखा कि उसके घर के सामने में विजय निषाद, उत्तरा निषाद एवं सुनिता निषाद खड़े थे। इस दौरान विजय निषाद उसे देख कर बिंझवारिन कहने लगा। जब उसने मना किया तब विजय के साथ उत्तरा निषाद, सुनिता निषाद ने मिलकर गाली गलौज करते हुएमारपीट कर दी।

### मारपीट, महिला के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में मारपीट के मामले में एक महिला के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को विजय निषाद ने बताया कि 05 मई को लगभग 12.30 बजे वह अपनी दीदी उत्तरा निषाद एवं सुनिता निषाद के साथ घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान सामने के घर में रहने वाली सनमोती निषाद ने मुझे बिझवारिन बोल रहे हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी व उसकी दीदी के साथ मारपीट किया।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

महासमुंद। टाउन हाल जाने के रोड में रिवर्स हो रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को आशीष लहरे ने बताया कि वह 05 मई को सुबह कार क्र सीजी 04 पीसी 6877 में अपनी मालकिन उषा जैन को महावीर कॉलोनी महासमुंद से लेकर जैन मंदिर महासमुंद जा रहा था। तभी टाऊनहाल जाने का रोड महासमुंद के पास करीब 10.30 बजे ट्रक क्रमाक सीजी 04 एलक्यू 7707 के चालक ने कार को साइड से घसीट कर एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# आटो-पिकअप ने छीना हाथ ठेला, मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

नोहर साहू ▶▶| महासमुंद

अलग खबर

समय के बदलते चक्र और तकनीकी विकास ने जहां जीवन को सुगम बनाया है, वहीं पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। नगर में कभी माल ढुलाई का मुख्य जरिया रहे हाथ ठेला की उपयोगिता अब धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। ऑटो, पिकअप और छोटा हाथी जैसे मालवाहक वाहनों के आने से हाथ ठेला चलाने वाले मजदूरों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## कुछ वर्षों में हाथ ठेला केवल इतिहास के पन्नों तक रह जाएगा सीमित

### मशीनों से पिछड़ती मेहनत

बिसेसर, जीवनलाल और सुखदेव जैसे मजदूरों ने व्यथा साझा करते हुए बताया कि शहर के लगभग हर वार्ड में पहले ठेला मजदूर सक्रिय थे। लेकिन अब ऑटो और मिनी ऑटो के आ जाने से लोग हाथ ठेला को प्राथमिकता नहीं देते। भारी वाहनों की गति और क्षमता के सामने शारीरिक मेहनत अब फीकी पड़ गई है। आज स्थिति यह है कि पूरे शहर में अब गिनती के ही ठेला मजदूर बचे हैं।



### पलायन-मजदूरी की मजबूरी

हाथ ठेला की उपयोगिता कम होने से इन मजदूरों को अब दिन भर काम का इंतजार करना पड़ता है। जो थोड़े-बहुत मजदूर इस काम से जुड़े हैं, वे जैसे-तैसे मिलने वाली मामूली मजदूरी से अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। काम की कमी और कम आय के कारण अधिकांश मजदूरों ने अब हाथ ठेला से दूरी बना ली है। कई मजदूर अब निर्माण कार्यों में मजदूरी करने या अन्य छोटे कामों की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं।

नगर के पुराने ठेला मजदूरों, जिनमें निर्भयलाल, मनोहर और खोरबाहरा शामिल हैं, का कहना है कि एक दौर था जब शहर के हर चौक-चौराहे पर हाथ ठेला चालकों की टोली नजर आती थी। व्यापारी और आम नागरिक सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह इन्हीं पर निर्भर थे। चाहे तपती धूप हो या मूसलाधार बारिश, ये मजदूर अपनी शारीरिक शक्ति के बल पर भारी सामान सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाते थे। इसके बदले उन्हें इतनी मजदूरी मिल जाती थी कि उनका परिवार सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर पाता था। नगर के इन मजदूरों के सामने सबसे बड़ी चिंता भविष्य की है। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले कुछ वर्षों में हाथ ठेला केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगा। मशीनीकरण की इस होड़ में मेहनतकश तबका आज खुद को असहाय महसूस कर रहा है।

## कार्रवाई : अंतरराज्यीय गांजा तस्कर 10 किलो गांजा के साथ रंगे हाथ पकडा गया

# ऊंचे दाम पर बेचने कवर्धा ले जा रहा था गांजा, पहले ही पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा से गांजा लेकर कवर्धा में खपाने जा रहे अंतर्राज्यीय तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तकरीबन 10 किलो गांजा को ऊंचे दामो में खपाने की योजना धरी रह गई जब पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्कर को रंगे हाथ धर दबोचा। ओडिशा सीमा के पास घेराबंदी कर तस्कर को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 5 मई को सरायपाली पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम को मुखबिर से एक सटीक सूचना के अनुसार एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल पर गांजा छिपाकर ओडिशा की ओर से सरायपाली की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम बैतारी तिराहा, नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी की। कुछ समय बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स, क्रमांक सीजी 09 जेएल 5200 आती दिखाई दी। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और चालक से पूछताछ की।

पकड़े गए आरोपी की पहचान चमन उर्फ बसंत चंद्रवंशी 24 वर्ष के रूप में हुई है, जो कबीरधाम (कवर्धा) जिले के पंडातराई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसकी मोटरसाइकिल पर रखी प्लास्टिक की बोरी से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के पास से गांजा 9.690 किलोग्राम कीमत लगभग 4,50,000 रुपए, एक मोटरसाइकिल कीमत लगभग 30,000 रुपए, एक नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 5,000 रुपए, कुल संपत्ति की अनुमानित कीमत 4,85,000 रुपए बताई गई है।



### कवर्धा में खपाने की थी तैयारी

पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि आरोपी इस गांजे को ओडिशा से तस्करी कर लाया था और इसे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम (कवर्धा) जिले में ऊंचे दामों पर बेचने की योजना थी। पुलिस की त्वरित कार्यवाही के कारण यह खेप गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही पकड़ ली गई। सरायपाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी के पीछे और कौन-कौन से बड़े नेटवर्क शामिल हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस का अभियान, 5 ठिकानों पर दबिश देकर आरोपीयों किया गिरफ्तार

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय थानों की टीमों ने पिछले 24 घंटों में 5 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और परिवहन में इस्तेमाल वाहन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, थाना बलौदा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर सरायपाली निवासी रोशनदीप और एक नाबालिग को पकड़ा। इनके पास से 40 लीटर अवैध महुआ शराब और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 18, 000 रुपए आंकी गई है। वहीं, सरायपाली पुलिस ने एनएच-53 स्थित गौटिया ढाबा के पास दबिश देकर अविनाश तिवारी नामक व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से 4.050 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 3, 320 रुपए है। अवैध बिक्री के साथ-साथ पुलिस ने उन लोगों पर भी कार्रवाई की है जो चखना ठेला या गुमटी की आड़ में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शराब पीने की सुविधा मुहैया करा रहे थे। पिथौरा पुलिस ने रामपुर चौक से कार्तिक राम यादव को पकड़ा। तेंदूकोना पुलिस ने ग्राम बढ़ईपाली में हनुमान कोसरिया के विरुद्ध कार्रवाई की। तुमगांव पुलिस ने भोरिंग चौराहे पर अवैध रूप से शराब पिलाते हुए चंद्रकुमार जांगड़े को गिरफ्तार किया।






# ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती की मार, शहर में गहराया पानी का संकट, दिनभर पानी के लिए तरसते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पिछले 24 घंटों में ग्रामीण इलाकों में बार-बार बिजली बंद होने और लो-वोल्टेज की समस्या से लोग हलाकान

ग्रामीण इलाकों में विद्युत बाधा के चलते शहरवासी जलसंकट का सामना कर रहे हैं। दरअसल, मंगलवार और बुधवार को बेलसोंडा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण बुधवार को सुबह और दोपहर लोगोंको जलापूर्ति नही हुई। दोपहर बाद बिजली सुचारू होने के बाद शाम को नलों से पानी मिला। इससे पहले शहर वासियों को हो रहे जलसंकट और नल नही खुलने की शिकायत के मद्देनजर पालिका द्वारा 18 टैंकरों के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई।

बता दें कि शहर को पानी सप्लाई करने वाले मुख्य पंप हाउस और संबंधित फीडर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं जिस कारण यहां की बिजली लाइन ग्रामीण सबस्टेशन से जुड़े हैं। पिछले 24 घंटों में ग्रामीण इलाकों में बार-बार बिजली बंद होने और लो-वोल्टेज की समस्या के कारण पानी की टंकियां पूरी तरह नहीं भर पाईं। इस तकनीकी समस्या की वजह से निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। सुबह के समय जब लोगों को दैनिक कार्यों के लिए पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब नलों में पानी नहीं आने से स्थिति खराब हो गई। शहर के कई प्रमुख मोहल्लों में दोपहर की सप्लाई भी पूरी तरह ठप रही एवं शाम को पानी टंकी में पानी भर जाने के बाद वार्डों में जलापूर्ति संभव हुई।



### नगर पालिका की वैकल्पिक व्यवस्था

पानी की किल्लत को देखते हुए महासमुंद नगर पालिका ने कदम उठाए हैं। लोगों की शिकायतों और बढ़ती जरूरत को देखते हुए प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर 18 पानी के टैंकरों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इन टैंकरों को उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर भेजा जा रहा है जहां पाइपलाइन से सप्लाई बिल्कुल नहीं हो पाई। नगर पालिका के कर्मचारी प्रभावित वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए अतिरिक्त फेरे लगा रहे हैं।

### जनता को हुई भारी परेशानी

भले ही टैंकरों की व्यवस्था की गई है, लेकिन आबादी के हिसाब से यह पर्याप्त साबित नहीं हो पाई। लोगों को भीषण गर्मी के बीच बाल्टियां और बर्तन लेकर सड़कों पर टैंकरों का इंतजार करते देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग और नगर पालिका के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ऑफिस जाने वाले लोगों और गृहिणियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# ट्रैक्टर के टक्कर से पति की मौत, पत्नी और बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मेमरा के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घटना में मृतक की पत्नी और बेटी घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 6 मई को बोधराम डडसेना बाइक सीजी 06 जीके 4723 अपनी पत्नी पुन्नीबाई डडसेना और पुत्री इंदुमती के साथ अपने गांव गोड़बहाल से अनसुला जा रहा था। सुबह 09.25 बजे एनएच 53 मेन रोड ग्राम मेमरा के पास गलत दिशा से आ रहे लाल रंग की महिंद्र युवा 475 डीआई सोल्ड ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर बोधराम डडसेना के मोटर सायकल को सामने से टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट से तीनों गिर गए। घटना में बोधराम के सिर के पीछे एवं छाती में, उसकी पत्नी के सिर एवं बांए जबड़े और उसकी पुत्री के शरीर में अंदरूनी चोटें लगी है। घायलों को इलाज हेतु सीएचसी पिथौरा लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर बोधराम डडसेना की मौत हो जाना बताया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए) 281-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।







## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**

**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

.................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................
2. पिता/पति का नाम ..........................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................
   मोबाइल नंबर ..........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप



### दलाई लामा से मिले लेखक शिव, पुस्तक की भेंट

**रायपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लेखक शिव ग्वालानी और रायपुर नगर निगम की अपील समिति सदस्य रहीं पूर्व पार्षद कविता ग्वालानी ने दलाई लामा से मेक्लियाड गंज (हिमाचल प्रदेश) स्थित दलाईलामा हाउस में मुलाकात की। दलाई लामा से मुलाकात में शिव ग्वालानी ने बताया उन्होंने अपनी किताब दास्तानें कश्मीर में तिब्बत की प्रसिद्ध लेखिका ब्लाटवस्की के बारे में प्रचलित लोक कथा के बारे में विस्तार से लिखा है की कैसे यह धारणा प्रचलन में आई की ब्लाटवस्की तुलकु की अवस्था में पंहुच जाती थी और किताबें लिखती थी।उन्होंने दलाई लामा को अपनी लिखी पुस्तकें भेंट की।

### एफएमजी को आ रही पंजीयन में समस्या



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र प्रेषित कर राज्य में कार्यरत विदेशी चिकित्सा स्नातकों की समस्या के निराकरण की मांग की है।पत्र में बताया गया है कि एनएमसी ने एफएमजी के प्रशिक्षण एवं पंजीयन से संबंधित स्पष्ट प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। इसमें कोविड अथवा अन्य विशेष परिस्थितियों में ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन करने वाले एफएमजी छाओं को पात्र माना गया है, उनके लिए अलग से इंटर्नशिप बढ़ाना अनिवार्य नहीं है। साथ ही विश्वविद्यालयों द्वारा कंपलसेशन लेटर को मान्यता दी गई है। इसके बाद भी राज्य के कुछ संस्थान इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं जिसका असर फॉरेन मेडिकल स्टूडेंट के हितों पर पड़ रहा है।

### कैम्पा फंड अब नक्सल मुक्त क्षेत्रों के विकास पर होगा खर्च

**रायपुर।** मुख्य सचिव ने कहा, कैम्पा मद के अंतर्गत वन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे- पुल-पुलियों, मार्गों और आवश्यक भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने विशेष रूप से नक्सल मुक्त हुए क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि वहां शासन की पहुंच और विकास की गति बढ़ सके। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में छत्तीसगढ़ प्रतिकात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) की नवमीं बैठक में वर्ष 2024-25 और 2025-26 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी भविष्य की योजनाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 713 करोड़ 73 लाख रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित कर भारत सरकार को अंतिम स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है।

# यह सफर नहीं आसां... पैसेंजरों की कमी से जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट के संचालन पर असमंजस

## महीनेभर पहले हुई थी शुरुआत, किसी उड़ान में नहीं मिले 20 से ज्यादा यात्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

क्षेत्रीय उड़ान योजना में रायपुर-जगदलपुर सेक्टर में विमान का संचालन करना बड़ी चुनौती है। इस सेक्टर में यात्रियों का इतना टोटा है कि फ्लाइट चलाने के लिए असमंजस के हालात बनने लगे हैं। 31 मार्च से उड़ान भरने वाली इस 72 सीटर फ्लाइट को अब तक किसी भी उड़ान में 20 से ज्यादा पैसेंजर नहीं मिले हैं। कई बार तो ऐसी स्थिति बनी है कि एयरक्राफ्ट का संचालन एक-दो यात्रियों के साथ करना पड़ा है, जिसकी वजह से फ्यूल का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है।

रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए दो शहरों के बीच विमान का संचालन किया जाता है। इसके तहत रायपुर से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से हैदराबाद वाया जगदलपुर की फ्लाइट 31 मार्च से शुरू की गई थी। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन आवाजाही कर रही है। विमान का संचालन शुरू करने के दौरान इस बात की उम्मीद थी कि दोनों शहरों के बीच आवाजाही के लिए काफी पैसेंजर मिलेंगे, मगर अनुमान इसके विपरीत हुआ। दोनों शहरों के बीच सफर करने वाले यात्रियों को संख्या एक बार भी 20 तक नहीं पहुंची। सामान्यतः औसतन आठ से दस यात्रियों को लेकर ही एयरक्राफ्ट दोनों शहरों के बीच उड़ान भर रहा है। रायपुर से हैदराबाद के लिए सीधी फ्लाइट की सेवा है, इसलिए यात्री इस विमान का उपयोग करने से बचते हैं। विमानन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि 72 सीटर फ्लाइट में आठ से दस यात्रियों के होने की वजह से इसके फ्यूल का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में इस फ्लाइट का संचालन बहुत ज्यादा समय तक किए जाने की संभावना काफी कम है।

### रीवा-रायपुर संतोषजनक

इसके पूर्व अलायंस एयर ने 17 मार्च से रीवा (एमपी) और रायपुर (छत्तीसगढ़) के बीच विमान सेवा की शुरुआत की थी। इस फ्लाइट में यात्रियों की मौजूदगी संतोषजनक है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाली इस फ्लाइट में औसतन पचास से साठ फीसदी यात्री सफर करते हैं। दोनों शहरों के बीच का न्यूनतम किराया भी 4 हजार से 45 सौ के बीच है। यह विमान 1.20 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करता है।



### तीन प्रयास पहले भी

रायपुर-जगदलपुर से विमान के संचालन का प्रयास पहले भी तीन बार किया जा चुका है। पहली विमानन कंपनी एयर ओडिशा थी जो अपनी छोटे एयरक्राफ्ट का संचालन कर रही थी। मौसम की खराबी यात्रियों की कमी के कारण इसका संचालन तीन से चार महीने में भी बंद हो गया। काफी समय बाद अलायंस एयर अपनी फ्लाइट लेकर आई इस बीच इंडिगो ने भी हैदराबाद से जगदलपुर होते हुए रायपुर की उड़ान शुरू की। दोनों ने कम यात्रियों के बुरे अनुभव के बाद ही अपनी यात्रा स्थगित कर दी।

## डब्लूआरएस कालोनी की स्लम बस्तियों में पानी पहुंचाने अवैध कनेक्शन का मामला

# राइजिंग मेन लाइन से अवैध कनेक्शन, निगम का चला हथौड़ा, डायरेक्ट कनेक्शन काटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- सुबह 11 से शाम 4 बजे तक डटी रही जोन 2 और निगम मुख्यालय की टीम

नगर निगम के मेन राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन कर डब्लूआरएस कालोनी की झुग्गी बस्तियों में पानी पहुंचाने किए गए अवैध कनेक्शन पर निगम ने कार्रवाई की। मंगलवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक खमतराई ब्रिज के पास राइजिंग मेन लाइन में छेद कर डायरेक्ट लिए गए कनेक्शन को काटा गया। शहर में अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ नगर निगम की यह एक बड़ी कार्रवाई है। मुख्य राइजिंग मेन लाइन से सीधे पानी खींचने की वजह से वीरांगना अवंति बाई वार्ड सहित आसपास के वार्डो व रहवासी इलाकों में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। शिकायत मिलने पर नगर निगम प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से जोड़ी गई पाइप लाइन को जब्त कर लिया। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मुख्य सप्लाई लाइनों से सीधे कनेक्शन लेना पूरी तरह से अवैध और दंडनीय अपराध है।



### लाइट जेनरेटर का किया इंतजाम, वेल्डर, कटर और तकनीकी टीम घंटों डटी रही

फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि सर्विस रोड से स्कूल पारा स्लम बस्ती को पानी पहुंचाने मेन राइजिंग लाइन को छेदकर अवैध रूप से पाइप लाइन जोड़ी गई। जिस ठेकेदार इस कार्य को अंजाम दिया वह अभी तक फरार है। हमारी टीम ने स्पॉट पर जहां बिजली की व्यवस्था नहीं थी वहां लाइट जनरेटर का इंतजाम कर फूटे हुए स्थान पर वेल्डिंग करने वेल्डर और अवैध पाइप लाइन को वहां से हटाने कटर की व्यवस्था कर सावधानी पूर्वक यह काम कराया। 5 घंटे तक लगातार टीम इस कार्य में लगी रही। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के दौरान मौके पर नगर निगम जोन 2 के जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र, जोन 2 के कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, रावणभाठा फिल्टर प्लांट के सहायक अभियंता योगेंद्र कुमार देवांगन सहित नगर निगम की तकनीकिव सुरक्षा टीम मौजूद रही।

### मुख्य राइजिंग लाइन से सीधे अवैध कनेक्शन के नुकसान इस तरह

- पेयजल संकट और असमान वितरण।
- प्रभावित एरिया के शुरूआती घरों में पानी का प्रेशर बहुत ज्यादा हो जाता है, जबकि पाइप लाइन के अंतिम छोर तक पानी का प्रेशर सही दबाव के साथ नहीं पहुंच पाता। इससे जल संकट की स्थिति निर्मित होती है।
- पाइप लाइन फटने का खतरा बना रहता है।
- मेन राइजिंग लाइन से सीधे कनेक्शन पर गंढा पानी पाइप लाइन में आ सकता है, इससे लीकेज का खतरा बना रहता है।

दरअसल, नगर निगम जोन 2 के वार्ड नंबर 6 वीरांगना अवंति बाई वार्ड में मेन राइजिंग लाइन से डीआरएम आफिस के डब्लूआरएस कालोनी की झुग्गी बस्तियों में पानी पहुंचाने दिनदहाड़े किए गए अवैध कनेक्शन पर शुक्रवार की रात जमकर हंगामा हुआ। शनिवार को नगर निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने निगम आयुक्त के आदेश पर मामले के आरोपियों भाजपा पार्षद खगपति सोनी के पुत्रों सहित अन्य के खिलाफ खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज कराई। मंगलवार को महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त के निर्देश पर फिल्टर प्लांट, जोन 2 और निगम मुख्यालय की संयुक्त टीम ने स्पॉट पर पहुंचकर खमतराई ब्रिज के पास मुख्य राइजिंग लाइन से सीधे लिए गए एक बड़े अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद कर दिया। मेन राइजिंग लाइन में छेद जोड़ी गई अवैध पाइप लाइन को काटने में टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# एसी की आउटडोर यूनिट ब्लास्ट, धमाके से मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला कोर्ट परिसर के जिला अभियोजन निदेशालय की बिल्डिंग के पास मंगलवार को उस समय कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया, जब एक जोरदार धमाके की आवाज सुनवाई दी।

यह आवाज बिल्डिंग के पीछे की तरफ से आई थी, जहां एसी के आउटडोर यूनिट लगे हुए थे। इनमें से ही एक यूनिट ब्लास्ट हो गया, जिसकी आवाज बिल्डिंग के आसपास से लेकर कलेक्टोरेट परिसर में संचालित लोक सेवा केंद्र तक सुनाई दी।

### ब्लास्ट से यूनिट के परखच्चे उड़े

जिला अभियोजन निदेशालय की बिल्डिंग के पीछे की तरफ लगा एसी का आउटडोर यूनिट में ब्लास्ट होते ही उसके परखच्चे उड़ गए तथा उसके कई पार्ट्स जमीन पर आकर गिरे। इसकी आवाज इतनी तेज थी कि कुछ मिनट तक बिल्डिंग के आसपास हड़कंप मच गया कि धमाका किसका और कहां हुआ है। लोगों ने जब आवाज वाली जगह पर पहुंचकर देखा, तो जमीन पर आउटडोर यूनिट के पार्ट्स बिखरे पड़े हुए थे। इस घटना के दौरान यहां मौजूद कुछ वकीलों ने बताया कि धमाके की आवाज बहुत तेज थी, जैसे कोई बड़ा बम फोड़ा गया है। इसके कारण कुछ देर के लिए आसपास हड़कंप की स्थिति थी। हालांकि जब पता चला कि आउटडोर यूनिट फटा है, तो लोगों ने राहत की सांस ली।

## फिजियोथेरेपी कालेज का भूमिपूजन

**रायपुर।** शासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय भवन, 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) अस्पताल के लिए स्टाफ क्वार्टर तथा 10 बिस्तरीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र भवन के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

# जेल से छूटते ही नशीले टेबलेट की खरीदी-बिक्री का काम शुरू, मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस भी लगातार अभियान चला रही है। इसके बावजूद नशे के कारोबार पर अंकुश लग नहीं पा रहा है, क्योंकि इस कारोबार में संलिप्त लोगों को पुलिस की कार्रवाई और जेल जाने का भय भी खत्म हो गया है। यही वजह है कि जेल से छूटते ही एक आरोपी ने दोबारा नशीले टेबलेट की खरीदी-बिक्री का कारोबार शुरू कर दिया। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी के साथ उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से 73 प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 29 हजार रुपए है।



### और कई लोग कारोबार में संलिप्त जल्द हो सकती है गिरफ्तारी

पुलिस इस मामले में अभी जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि नशीला टेबलेट के इस कारोबार में अनीश के साथ और कई लोग जुड़े हुए हैं, जो चोरी छिपे इस कारोबार को आगे बढ़ा रहे हैं। पुलिस अब इस मामले में आरोपियों से फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस को यकीन है कि जल्द ही इस मामले में और कई लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### पूर्व में नारकोटिक एक्ट मामले में जेल जा चुका है अनीश

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अनीश पूर्व में भी नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में पिछले वर्ष ही जेल गया था। जेल से छूटते ही अनीश ने दोबारा नशीला टेबलेट का कारोबार शुरू कर दिया है। पुलिस उसके विरुद्ध धारा 22(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### गोकुल नगर श्मशान घाट के पास पकड़े गए दोनों आरोपी

टिकरापारा थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोकुल नगर स्थित श्मशान घाट के पास कुछ लोग अपने पास प्रतिबंधित नशीला टेबलेट रखे हुए हैं, जिसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कपिल तिवारी 19 वर्ष निवासी दुर्गा नगर अम्लेश्वर दुर्ग एवं मोहम्मद अनीश 52 वर्ष निवासी मदनी चौक संजयनगर रायपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से स्पासमो एवं नाइट्रोसन-10 के कुल 73 प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जब्त किए हैं।

नौकरी पाने के लालच में मोटी रकम देकर ठगी का शिकार हो गए

# नौकरी दिलाने के नाम पर 34 लोगों से 1.05 करोड़ की ठगी, शिक्षक एवं क्लर्क गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शासकीय नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शासकीय स्कूल के एक शिक्षक तथा प्राइवेट स्कूल के एक क्लर्क को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने मिलकर लगभग 34 लोगों को शिकार बनाते हुए उनसे 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ठगी की है।

अपने जाल में फंसाने के लिए दोनों आरोपी परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने की पूरी गारंटी देते थे। इनमें से कइयों के नाम की नियुक्ति संबंधी फर्जी आदेश पत्र भी जारी किए हैं। इस आदेश को देखकर ही कई लोग इनके झांसे में आ गए और नौकरी पाने के लालच में मोटी रकम देकर ठगी का शिकार हो गए।

### विशेष टीम गठित कर जांच की गई

इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर इसकी गहन जांच शुरू की। इसके लिए पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई थी।



**कम्प्यूटर सिस्टम-प्रिंटर मशीन जब्त** : पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से कंप्यूटर सेट (मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस) एवं प्रिंटर जब्त किया है। इस प्रकरण में दोनों के विरुद्ध धारा 319(2), 336(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(डी) आईटी एक्ट की धाराएं जोड़ी गई हैं।

### कर्ज चुकाने एवं आर्थिक तंगी दूर करने शॉर्ट कट कमाई का रास्ता चुना

पुलिस की पूछताछ पर राजेश ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है तथा वह कर्ज में डूबा हुआ था। कर्ज चुकाने के लिए उसे बड़ी रकम की आवश्यकता थी, जिसे ईमानदारी से कमाना बहुत कठित था, इसलिए उसने शॉर्ट कट रास्ता चुना और इस ठगी के काम में उसने मनोज को भी लालच देकर शामिल किया।

### थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जांच में हुआ मामले का खुलासा

पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय की ओर से राजपाल बघेल ने 24 अप्रैल 2026 को राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सामान्य प्रशासन विभाग के नाम से 5 मार्च 2026 का एक फर्जी आदेश सोशल मीडिया में जारी हुआ है, जिसमें परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा दर्शायी गई थी। यह सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। इस आदेश में फर्जी तरीके से सचिव एवं उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया था। इसके साथ ही फर्जी आदेश के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे अनाधिकृत रूप से रुपए की मांग एवं वसूली की जा रही है।

# जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की आक्रामक रणनीति महिला आरक्षण पर चलाएंगे जन-जागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की पहली कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से भाजपा द्वारा महिला आरक्षण बिल के नाम पर फैलाए जा रहे भ्रम के खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाने तथा राज्य सरकार के तथाकथित "सुशासन त्योहार" की वास्तविकता को जनता के सामने लाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे गांव-गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचकर जनता की समस्याओं को संकलित करें और शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समाधान के लिए संघर्ष तेज करें। बैठक में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व महापौर सहित जिला, ब्लॉक एवं



मंडल स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है। भाजपा सरकार केवल घोषणाओं और आयोजनों तक सीमित है, जबकि जमीन पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। हम हर गांव और वार्ड में जाकर जनता की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और सरकार को जवाब देने के लिए मजबूर करेंगे। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। कांग्रेस इस मुद्दे की सच्चाई को घर-घर तक पहुंचाएगी और महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार पूरी तरह जनविरोधी नीतियों पर काम कर रही है। 'सुशासन' के नाम पर सिर्फ प्रचार किया जा रहा है।

# सुशासन तिहार जनता के मन में पनप रहे आक्रोश को दबाने का औचित्यहीन प्रयास : सृष्टि

## कलेक्टर जनदर्शन में समस्याओं का समाधान हो रहा तो सुशासन तिहार क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार को ढकोसला बताते हुए जनता के मन में सरकार के खिलाफ पनप रहे आक्रोश को दबाने का औचित्यहीन प्रयोग कहा है। सृष्टि ने कहा कि जब प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण हो रहा है तो सरकार द्वारा अलग से सुशासन तिहार के नाम पर जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन क्यों किया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि सरकार की प्रशासन पर अंकुश नहीं है।



प्रशासन स्तर पर जो भी आवेदन पहुंच रहे हैं, उन आवेदनों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है। गरीब व कमजोर तबके के लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा।

चंद्राकर ने कहा कि पिछले साल सुशासन तिहार-2025 में महासमुंद ब्लॉक के हजारों लोगों ने समस्याओं, मांगों व शिकायतों से संबंधित आवेदन किए थे। जिन्हें कचरे में फेंक दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत अकेले महासमुंद ब्लाक के 9 हजार महिलाओं ने आवेदन किये थे। जिसका निराकरण आज तक नहीं किया गया। सरकार बनने के बाद महतारी वंदन योजना के तहत माताओं-बहनों से फार्म भरवाया गया। लेकिन, उसके बाद इस योजना के तहत दोबारा ना ही आवेदन लिया गया और ना ही पोर्टल को पुनः आवेदन के लिए खोला गया। ढाई सालों में हजारों शादियों के बाद नवविवाहित बहुएं आई हैं, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पिछले साल ही छूटे हुए पात्र महिलाओं व नवविवाहिताओं ने योजना का लाभ दिलाने आवेदन किया, लेकिन उस पर आज तक अमल नहीं किया गया। इस बार पुनः सुशासन तिहार-2026 आयोजित कर जनभावनाओं से खिलवाड़ करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

सृष्टि ने कहा कि प्रदेश में सरकारी काम ठप पड़े है, तहसीलो और अनुविभागों में नामांकन, बंटवारा, फौती, नक्शा, खसरा बंटवारा के जिले में हजारों प्रकरण पेंडिंग है। यदि सरकार में सुशासन होता तो लोगों का काम नियमित होता। सुशासन तिहार की जरूरत ही नहीं पड़ती? यह सुशासन त्यौहार अपनी विफलता से ध्यान भटकाने का तरीका है। पिछले बार भी सुशासन त्यौहार मनाये थे और जनता से जो हजारों आवेदन प्राप्त हुए उसे कचरे के ढेर में फेंक दिए। चंद्राकर ने कहा कि सरकार जनता को बताएं कि पिछले साल के आवेदनों का निराकरण क्यों नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप




### सब इंस्पेक्टर सहित 136 पुलिसकर्मी इधर से उधर

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने मंगलवार को विभिन्न थानों में पदस्थ 136 अधिकारी-कर्मचारियों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इस ट्रांसफर को लेकर पुलिस महकमे में हलचल मची हुई है, क्योंकि ट्रांसफर किए गए पुलिस कर्मचारियों में कई ऐसे हैं, जो लंबे समय से उन थानों में पदस्थ हैं। विदित हो कि पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद अपराधिक वारदातों में जिस तरह से कमी आनी थी, वह आ नहीं पाई है। कई थाना क्षेत्रों में चोरी, चाकूबाजी, मारपीट, लूट जैसी वारदातों के अलावा अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लग नहीं पा रही है।

### सहकारी और निजी दुकानों में खाद बिक्री पर कोई रोक नहीं

**रायपुर।** कृषि विभाग ने साफ किया है कि छत्तीसगढ़ में सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक वितरण और विक्रय को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है। राज्य में सरकारी एवं निजी केन्द्रों में उर्वरकों के विक्रय या वितरण पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। खाद के संबंध में सामने आई कुछ अटकलों को दरकिनार करते हुए विभाग ने कहा कि यह कहा जा रहा है कि कृषकों की भूमि धारिता एवं फसल अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप सरकारी एवं निजी विक्रय केंद्रों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों का वितरण विक्रय पॉस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित करने के संबंध में मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनी रहे।

# सही दवा-शुद्ध आहार अभियान के तहत जिले में सघन जांच जारी

## मेडिकल स्टोर्स, ढाबों और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर इकाइयों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशभर में संचालित 15 दिवसीय सघन जांच अभियान सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार के अंतर्गत जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य प्रकोष्ठ एवं औषधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। डॉ. आई नागेश्वर राव, उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में टीम द्वारा दवाओं, खाद्य पदार्थों, वैक्सीन एवं कॉस्मेटिक सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षित उपयोग तथा मानकों की जांच की जा रही है।

औषधि प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी तृप्ति जैन, सहायक नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नेतृत्व में 4 मई को पिथौरा क्षेत्र के गर्ग मेडिकल स्टोर्स अग्रवाल मेडिकल स्टोर्स, तिवारी मेडिकल स्टोर्स एवं श्रीराम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर स्वापक औषधियों एवं दस्तावेजों की जांच की गई। वहीं 5 मई को बसना एवं सरायपाली क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स एवं फार्मा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के पूर्व चरणों में शासकीय एवं निजी अस्पतालों की फार्मेसियों में वैक्सीन के रख-रखाव, कोल्ड चेन व्यवस्था एवं दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही व्यापारियों एवं आमजन को वैक्सीन और कॉस्मेटिक उत्पादों के सुरक्षित उपयोग, निर्माण लाइसेंस, लेबलिंग एवं अवसान तिथि संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।



खाद्य प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी उमेश कुमार, अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नेतृत्व में 4 मई को महासमुंद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर इकाइयों की जांच की गई। इस दौरान खाद्य अनुज्ञप्ति, जल परीक्षण रिपोर्ट एवं फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्रों की जांच की गई तथा दो पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नमूने परीक्षण हेतु संकलित किए गए। इसी क्रम में 5 मई को बसना क्षेत्र के ढाबों एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यूपी बिहार ढाबा, भूकेल में लगभग 10 किलोग्राम दूषित एवं बासी आटा (लोई) पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं तिवारी ढाबा, पौसरा से पका चावल एवं दाल के नमूने जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए।

निरीक्षण दल द्वारा सभी ढाबों एवं रेस्टोरेंट संचालकों को वेज एवं नॉनवेज किचन अलग रखने, मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड एवं जल परीक्षण रिपोर्ट संधारित करने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही नए प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त करने एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

# बारिश और अंधड़ से धान की फसल को काफी नुकसान, किसानों ने लगाई मुआवजे की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बीती मंगलवार रात जिले के विभिन्न हिस्सों में हुई तेज बारिश और अंधड़ के कारण रबी सीजन की तैयार खड़ी धान की फसल खेतों में बिछ गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के नजदीकी गांवों में कुदरत का सबसे ज्यादा कहर देखने को मिला है। कौंदकेरा, मुस्की, बनसिवनी, कांपा, गोपालपुर, सोरिद और परसदा (ब) जैसे आधा दर्जन से अधिक गांवों में फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के कारण धान की बालियां झड़ गई हैं। खेतों में जलभराव होने से कटी हुई और खड़ी फसल सड़ने की कगार पर है। विभिन्न गांवों में औसतन 30 से 50 एकड़ तक की फसल प्रभावित हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है जिन्होंने रेघा (किराए) पर खेत लेकर खेती की थी। किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह पक कर तैयार थी और महज एक-दो दिनों के भीतर कटाई शुरू होने वाली थी। अब फसल बर्बाद होने से उनके सामने खाद, बीज और मजदूरी का खर्च निकालने के साथ-साथ खेत मालिक को भुगतान करने का भी संकट खड़ा हो गया है।



बीती मंगलवार रात जिले की छह तहसीलों में औसतन 17.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। तहसीलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कोमाखान 32.6 मिमी, बागबाहरा 25 मिमी, महासमुंद 22 मिमी, बसना 12.6 मिमी, पिथौराः 10.1 मिमी, सरायपाली 2 मिमी तक बारिश दर्ज की गई हैं।

### प्रशासन की कार्रवाई

फसल बर्बादी की खबरों के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी संबंधित एसडीएम को तत्काल मैदानी स्तर पर जाकर नुकसान का सटीक आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट तैयार होने के बाद शासन के नियमानुसार प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 में 91 हजार 300 मानक बोरा का संग्रहण लक्ष्य

**महासमुंद।** जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 में 91300 मानक बोरा का संग्रहण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित ने बताया कि जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद में कार्यरत 75 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के कुल 69 लॉटो हेतु अग्रिम में क्रेता नियुक्त किया जा चुका है। संग्रहण काल के पूर्व शाखकर्तन प्रशिक्षण 23 से 27 फरवरी 2026 तक वन परिक्षेत्रों एवं जिला यूनियन स्तर पर शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियो के कुल 786 फड़ो में शाखकर्तन 05 मार्च से 15 मार्च 2026 तक पूर्ण कराया गया है। शाखकर्तन कार्य हेतु प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के विगत 05 वर्षों के औसत संग्रहित 77341.527 मानक बोरा 70 रुपए प्रतिमानक बोरा के आधार पर कुल राशि 54 लाख 13 हजार 907 रुपए प्राप्त हुआ था। जिसे प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के चालू खाते में इस कार्यालय द्वारा हस्तांतरण किया जा चुका है।

तेंदूपत्ता सीजन 2026 हेतु एक लाख 18 हजार 646 तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार ऑनलाईन पेमेंट साफ्टवेयर में दर्ज है। तेंदूपत्ता के संग्रहण कार्य हेतु विभागीय मैदानी अमला, जोनल अधिकारियों, पोषक अधिकारियों, फड़ अभिरक्षकों, फड़मुंशियों की नियुक्ति किया जा चुका है। 30 अप्रैल 2026 को जिला लघु वनोपज सहकारी संघ महासमुंद के संचालक मंडल, क्रेताओं एवं समस्त प्रबंधकों, पोषक अधिकारियों की कार्यशाला में लिए गए निर्णय अनुसार 03 मई 2026 से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। 04 मई 2026 की स्थिति में वन परिक्षेत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 13814.570 मानक बोरा का राशि 7 करोड़ 59 लाख 80 हजार 135 रुपए संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान लगभग 44 हजार 900 संग्राहक परिवार को किया जाना है ।




### रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुए तीर्थयात्री

**महासमुंद।** रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बुधवार को से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आप सभी रामलला दर्शन के पुण्य कार्य में शामिल होने जा रहे हैं। प्रभु श्रीराम से आप सभी के मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से राज्य के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए लोग बढ़-चढ़कर यात्रा के लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, हनीश बग्गा, माखन पटेल, पप्पू ठाकुर, सुनैना ठाकुर, शरद मराठा, पीयूष साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# छड़-सीमेंट का भुगतान के बहाने घर में घुसकर नगदी सहित 1.83 लाख रुपए के जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम उखरा और चंद्रपुर में दो चोरियों के मामले दर्ज किए गए हैं। अज्ञात चोरों ने घर घुसकर नगदी सहित सोने-चांदी के लगभग 1.83 लाख के जेवर चोरी को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम उखरा निवासी भोजराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2025 में तमिलनाडु काम करने गया था, 04 मई 2026 को घर लौटा। छड़-सीमेंट खरीदने के लिए आलमारी खोलकर देखा, तो नगदी 15 हजार रुपए और सोना-चांदी के जेवरात सोने के टॉप्स (बाली) 2 नग (कीमती 13 हजार रुपए), सोने के लॉकेट 3 नग (छोटा) (कीमती 18 हजार रुपए), सोने का लॉकेट 1 नग (बड़ा) (कीमती 13 हजार रुपए), चांदी का करधन 1 नग (कीमती 18, 000 रुपए), चांदी की पायल (एक जोड़ी) (कीमती 10, 000 रुपए), चांदी की बिछिया दो जोड़ी 4 नग (कीमती 3500 रुपए), चांदी का लॉकेट 1 नग (कीमती 1000 रुपए) कुल कीमती 91, 500 रुपए गायब थे। इस संबंध में जब पत्नी से पूछा तो उसने बताया कि 17 जनवरी 2026 को वह काम से बाहर गई थी, तब बेटी सुमन ठाकुर ने पड़ोसी के मोबाइल से बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह और दादी घर पर थीं तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और कहा कि आपके पिता ने छड़-गिट्टी मंगवाया है, ट्रक आ रहा है आपके पिता से बात करा रहा हूं, वो सामान का पैसा 22 हजार रुपए देने बोल रहे हैं, पलंग के तकिये के नीचे आलमारी की चाबी रखी है आलमारी में पैसा है, उसे दे दो। पिता से बात कराने कहा तो अज्ञात व्यक्ति ने कहा-अभी बात कराता हूं। पहले चाबी को ढूंढने कहा तब मैं चाबी ढूंढने लगी तभी पीछे से वह अज्ञात व्यक्ति कमरे के अंदर आने लगा तो मैं और मेरी दादी अंदर आने से मना किया। आलमारी में पैसा नहीं है बोलने पर उक्त अज्ञात व्यक्ति ने मां का मोबाइल मांगा। वह कॉल करने का नाटक करने लगा और कहा कि आलमारी के अंदर बक्से में पैसा है तो मैने मां से बात कराने व किस बक्से में पैसा है, पूछने के लिए बात कराने कहा तो अज्ञात व्यक्ति ने मैं जल्दी में हूं कहा और मेरे साथ बक्से को खोल कर देखने लगा और अचानक से कमरे से बाहर निकल गया तब मैं बक्से को आलमारी में रखने लगी तो देखा कि बक्से में सोने-चांदी के जेवरात व नगदी नहीं थे।

### नगद रकम और जेवरात चोरी

ग्राम चंद्रपुर निवासी चैनलाल साहू ने कोमाखान थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि 12 फरवरी 2026 को वह बलांगीर ओडिशा मिस्त्री काम करने गया था। 4 मई 2026 को ओडिशा से काम करके घर लौटा। छड़ सीमेंट खरीदने के लिए आलमारी खोला तो नगदी 12 हजार रुपए और पत्नी के सोने-चांदी के जेवर 5 ग्राम सोने की माला (कीमती करीबन 50 हजार रुपए), चांदी की सांटी 20 तोला, चांदी की पायल 06 तोला, चांदी की बिछिया 1 तोला (कीमती करीब 30 हजार रुपए) जुमला कीमती 92 हजार रुपए नहीं थे। पिताजी से आलमारी में रखे नगदी और जेवर के बारे में पूछा तो, बताए कि 16 फरवरी 2026 की दोपहर करीब 2-3 बजे के मध्य एक व्यक्ति घर आकर तेरा नाम लेकर 3 क्विंटल छड़ लाने की बात हुई है और हमाल लोगों को पैसा देना है। तब मैं लघु शंका करके आ रहा हूं बैठना बोला और लघु शंका करने बाड़ी की ओर चला गया। लघु शंका कर वापस आया तो उक्त व्यक्ति चला गया था। मुझे संदेह है कि वही व्यक्ति उक्त नगदी व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है।

## बीते एक वर्ष में जिले में 42 हजार 142 श्रमिकों को 21 करोड़ 28 लाख से अधिक की राशि वितरित

**महासमुंद।** श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के श्रमिकों तक पहुंच रहा है। पंजीकृत मज़दूरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, औजार सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु सहायता एवं आवास जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में श्रम कल्याण मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत 40 हजार 700 हितग्राहियों को राशि 19 करोड़ 3 लाख 90 हजार 103 रुपए तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत एक हजार 442 हितग्राहियों को 2 करोड़ 24 लाख 44 हजार 500 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में सीधे प्रदान कर लाभान्वित किया गया है। साथ ही 15 मार्च से 30 अप्रैल तक छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत 511 श्रमिकों का पंजीयन एवं 1621 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया है। इसी तरह असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल 185 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 247 हितग्राहियों को 2 करोड़ 47 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसी तरह मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 860 हितग्राहियों को एक करोड़ 72 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 2531 हितग्राहियों को 5 करोड़ 6 लाख 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 958 हितग्राहियों को एक करोड़ 91 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना अंतर्गत 3500 हितग्राहियों को एक करोड़ 29 लाख 62 हजार 756 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना अंतर्गत 4600 हितग्राहियों को एक करोड़ 59 लाख 70 हजार 247 रुपए, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना अंतर्गत 86 हितग्राहियों को 6 लाख 79 हजार 400 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना अंतर्गत 3842 हितग्राहियों को 57 लाख 63 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 13794 हितग्राहियों को 2 करोड़ 76 लाख 49 हजार रुपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता राशि योजना अंतर्गत 9730 बच्चों को एक करोड़ 32 लाख 47 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 249 मेधावी छात्रों को 18 लाख 3 हजार 700 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना अंतर्गत 4 वृद्धजनों को 80 हजार रुपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों को एक लाख 55 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया है। साथ ही दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत 4 दीदीयों को 4 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना अंतर्गत 286 हितग्राहियों को कोंचिग दिया जा रहा है




### बागबाहरा से कृषि रथ रवाना, गांव-गांव पहुंचेगी योजनाओं की जानकारी

**बागबाहरा।** कृषि विभाग द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत बागबाहरा परिसर से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने इस रथ को रवाना करते हुए कहा कि यह अभियान किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा, जिससे आधुनिक तकनीकों और शासकीय योजनाओं की जानकारी सीधे गांव स्तर तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी नवीन तकनीकों, उन्नत बीज, उर्वरक प्रबंधन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह अभियान 05 मई से 20 मई 2026 तक विकासखंड बागबाहरा के विभिन्न ग्रामों में संचालित किया जाएगा। कृषि रथ के माध्यम से एग्रीस्टेक, स्वायल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, दलहन एवं तिलहन क्षेत्र विस्तार जैसी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नमिता मारकोले, कृषि स्थाई समिति की सभापति गरिमा केशव चंद्राकर, जनपद सदस्य भूमिका रामजीलाल सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी शरणागत सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के जरिए अधिक से अधिक किसानों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

# पश्चिम बंगाल में मिली सफलता अन्याय के खिलाफ लोकतंत्र की जीत है : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिले ऐतिहासिक जीत को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह जीत बंगाल की जनता का है। यह जीत अन्याय के खिलाफ लोकतंत्र की जीत है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार कर भाजपा के जीत में अपनी भूमिका निभाई थी। सोमवार रात चुनाव परिणाम के बाद वापसी पर स्थानीय भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक सिंहा का भव्य किया।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह परिणाम केवल चुनावी नतीजे से कहीं अधिक है और भाजपा के विकास मॉडल और सांस्कृतिक पहचान में जनता के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। आगे कहा जब नागरिक लगातार मतदान करते हैं तो वे विश्वास के साथ मतदान करते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अन्य चुनावों के अपेक्षा मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हुई थी। इससे स्पष्ट होता है कि बंगाल की जनता ने भाजपा पर विश्वास दिखाया है। आगे कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष समर्थन है। यह सफलता डबल इंजन सरकार के प्रभाव को उजागर करती है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करती हैं। डबल इंजन सरकार होने से बुनियादी ढांचा अंतिम छोर तक पहुंचता है, कल्याणकारी सुविधाएं अंतिम परिवार तक पहुंचती हैं और विकास किसी भी जिले को पीछे नहीं छोड़ता।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनो के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 को

**महासमुंद।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यु समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक गुरुवार 14 मई को शाम 4:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के बैंकिंग कार्यों, वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, शैक्षिक ऋण, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न स्वरोजगार एवं बैंक ऋण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी। सभी बैंकर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी एवं उपलब्धि आंकड़ों सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### राष्ट्रीय फुटबाल स्पर्धा के लिए 8 का चयन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए 8 छात्र-खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की राज्य टीम में हुआ है। आगामी 7 से 10 मई तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में अंडर 17 में दक्ष पटेल, उद्धव नायडू, शुभांश चंद्राकर, पार्थ साहू, मोहित सिंग, रुद्र चंद्राकर, सोरेन चंद्राकर, अमनजोत सिंग अरोरा शामिल हैं। सभी कोच छन्नू लाल साहू के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## बसना में बदला मौसम का मिजाज, बारिश के साथ गिरे ओले





**बसना।** क्षेत्र में आज मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि होने से चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है। हालांकि, अचानक हुई इस ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि फसलों को नुकसान होने की आशंका है। गर्मी के बीच बसना में प्रकृति का अलग रूप देखने को मिला। तेज गरज के साथ हुई बारिश और ओलों ने शहर को सराबोर कर दिया। जहाँ एक ओर लोगों को ठंडक मिली है, वहीं दूसरी ओर यह बारिश किसानों के लिए मुश्किल बन सकती है।

## अंतिम गांव, अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आज बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसूली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, जनपद सदस्य लोचन पटेल सहित अंचल के सरपंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में 19 ग्राम पंचायतों - परसुली, खट्टी, परकोम, पंडरीपानी, झिटकी, राटापाली, नर्रा, बिंद्रावन, उखरा, कोमाखान, घोयनाबाहरा, बोईरगांव, पतेरापाली स, द्वारतराकला, भलेसर, खैरटकला, सुवरमार, कसहीबाहरा, कुलिया के नागरिक गण शामिल हुए।

शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच के अनुरूप सरकार द्वारा यह



सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं वात्सल्य योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को आगे आने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां आमजन की शिकायतों और मांगों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना ही सुशासन की पहचान है। जनपद अध्यक्ष बागबाहरा केशव नायक राम चंद्राकर एवं मंचस्थ अतिथियों ने शिविर में पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं और सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव हो रहा है तथा लोगों को अपनी बात सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तेज गति से हो। उन्होंने ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाया गया।

### अवैध परिवहन करते तीन हाइवा जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन पर सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मुड़ियाडीह रेत खदान से रेत का अवैध परिवहन करते हुए 2 हाईवा को जब्त कर तुमगांव पुलिस के अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह खनिज फर्शी पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक हाईवा को जब्त कर तुमगांव थाना के अभिरक्षा में रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि सभी खनिजों का परिवहन वैध अभिवहन पास से किया जाना है।

## जनगणना के प्रथम चरण का कार्य जारी जायजा लेने फील्ड में उतरे अफसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं प्रगणन' का कार्य महासमुंद सर्किल के विभिन्न ग्रामों में जोर-शोर से जारी है। प्रगणक घर-घर पहुंचकर जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, ताकि देश के भविष्य के विकास की रूपरेखा तैयार की जा सके। कार्य की गुणवत्ता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए जिला नोडल अधिकारी महिलांगे एवं सांख्यिकी विभाग से बघेल के नेतृत्व में जिला फील्ड ट्रेनर्स की टीम ने विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का सूक्ष्म निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक तकनीकी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर और जिला फील्ड ट्रेनर ओम नारायण शर्मा, सतीश तिवारी, फनेंद्र कुमार बंजारे, मनीष कुमार चंद्राकर सहित संबंधित ब्लॉक के सभी प्रगणक व सुपरवाइजर उपस्थित रहे। महासमुंद सर्किल के अंतर्गत आने वाले लगभग 21 गांवों में जनगणना का यह प्रारंभिक कार्य अब पूर्णता की ओर है। अधिकारियों ने प्रगणकों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक परिवार से संवेदनशीलता के साथ डेटा एकत्र करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी मकान या परिवार गणना से छूटने न पाए। जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र के नियोजन का आधार है। फील्ड में मुस्तैद प्रगणकों और अधिकारियों का यह समन्वित प्रयास जिले में जनगणना कार्य को समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूर्ण करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## गायत्री प्रज्ञापीठ मुढ़ेना में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली मंगल कलश यात्रा

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में स्थानीय गायत्री प्रज्ञापीठ मुढ़ेना के प्रथम वार्षिक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन 6 मई (बुधवार) को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह त्रैदिवसीय 09 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा आगामी 8 मई (शुक्रवार) तक जारी रहेगी। प्रातः 8 बजे मुढ़ेना ग्राम में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। वेद पुराणों और उपनिषदों की मनमोहक झांकियां और कीर्तन मंडली की सुमधुर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। पीले वस्त्रों में सजी माता-बहनों ने सिर पर मंगल कलश धारण कर ग्राम भ्रमण किया। दोपहर भोज के पश्चात, सायं 5 बजे से संगीतसमय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का प्रारंभ हुआ, जिसका समापन आरती एवं शांतिपाठ के साथ होगा। युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों के अनुरूप 'विचार क्रांति अभियान' को गति देना और समाज में नैतिक व आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना है। इस आयोजन के माध्यम से 'हम बदलेंगे, युग बदलेगा' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। द्वितीय दिवस (7 मई, गुरुवार): प्रातः 4 बजे से जागरण आरती, ध्यान साधना एवं अमृतवाणी। प्रातः 8 से 12 बजे तक मुख्य 09 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कारों (दीक्षा, मुंडन, विद्यारंभ आदि) का आयोजन होगा। सायं 5 बजे से पुनः प्रज्ञा पुराण कथा होगी। तृतीय दिवस (8 मई, शुक्रवार): प्रातः कालीन सत्र में महायज्ञ की पूर्णाहूति संपन्न होगी। सायं 5 बजे से दीप महायज्ञ के साथ इस त्रि-दिवसीय महोत्सव का भव्य समापन और टोली विदाई होगी।

## भय, भूख और भ्रष्टाचार के अंत का शंखनाद, बंगाल में विकास और विश्वास की विजय : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी

- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भाजपा जिला प्रवक्ता ने जताया हर्ष

विधानसभा चुनावों के हालिया नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महासमुंद भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की नीतियों पर जनता की अटूट आस्था का परिणाम बताया है। स्वप्निल तिवारी ने कहा कि यह चुनाव परिणाम केवल आंकड़ों की जीत नहीं है, बल्कि उस विचारधारा की जीत है जो अंत्योदय और राष्ट्रवाद को समर्पित है। जनता ने लंबे समय से कुशासन के अंधकार से मुक्ति की पश्चिम बंगाल दशकों से भय, भूख और भ्रष्टाचार की त्रिकोणीय त्रासदी को झेल रहा था। बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी। आम नागरिक और विपक्षी कार्यकर्ता निरंतर असुरक्षा के साये में जी रहे थे। जनता ने अब इस भय को त्यागकर लोकतंत्र की शक्ति का परिचय दिया है। शासन-प्रशासन के



हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ने बंगाल की प्रगति को रोक दिया था। भाजपा को मिला जनादेश इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता का कड़ा प्रहार है। अब बंगाल केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं और 'डबल इंजन' सरकार के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। स्वप्निल तिवारी ने कहा कि असम में भाजपा की सत्ता में वापसी और पुडुचेरी में मिली सफलता यह दर्शाती है कि देश के हर कोने में जनता प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाओं ने आम आदमी के जीवन में जो सकारात्मक बदलाव लाया है, वही आज वोट के रूप में परिवर्तित हुआ है। यह जीत उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं के खून-पसीने का परिणाम है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों और राजनीतिक हिंसा के बीच भी कमल खिलाने का संकल्प नहीं छोड़ा। यह परिणाम भारत में सकारात्मक और विकासोन्मुखी राजनीति के एक नए युग की शुरुआत वक्तव्य के अंत में तिवारी ने विश्वास जताया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पुनः अपनी खोई हुई सांस्कृतिक और आर्थिक गरिमा को प्राप्त करेगा।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत तेंदूकोना में चालानी कार्रवाई

# 14 चालान काटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में विकासखंड बागबाहरा के तेंदूकोना क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा



कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया।

कार्रवाई के दौरान औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, धारा 06 (अ) के तहत नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध तथा धारा 06 (ब) के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के भीतर तंबाकू उत्पाद बिक्री प्रतिबंध का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 14 चालान काटे गए।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं को तंबाकू की लत से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कोटपा एक्ट 2003 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जिले में लगातार निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि सार्वजनिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों का उपयोग एवं बिक्री न करें तथा स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

### कौशल परीक्षा का प्राप्तांक जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों के लिए आयोजित कौशल परीक्षा के प्राप्तांक जारी कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि 30 अप्रैल को आयोजित कौशल परीक्षा में स्टाफ नर्स (एनबीएसयू), स्टाफ नर्स (एसएनसीयू), स्टाफ नर्स (यूएचडब्ल्यूसी) तथा नर्सिंग ऑफिसर के पद शामिल थे। वहीं 4 मई को एमओ-आयुष (आरबीएसके), फार्मासिस्ट (आरबीएसके), फिजियोथेरेपिस्ट एवं लेबोरेटरी टेक्नीशियन (बीपीएचयू) पदों हेतु कौशल परीक्षा संपन्न हुई थी। सभी पदों के प्राप्तांक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दिए गए हैं। संबंधित अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने प्राप्तांक का अवलोकन कर सकते हैं।




